# शराब पीने से एक व्यक्ति की हालत बिगड़ी

- गांवों में खुलेआम बिक रही है अवैध शराब
- तहसील पहुंचकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर, 17 सितंबर. जिले के बक्सवाहा की ग्राम पंचायत जैतपुरा एवं ग्राम पौंडी में कथित अवैध शराब बिक्री को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है. शराब की बिक्री बंद कराने और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को सैकड़ों ग्रामीण बक्सवाहा तहसील कार्यालय एवं थाना पहुंचे. ग्रामीणों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की.**

ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पौंडी में खुलेआम अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ज्ञापन में 14 सितंबर की रात करीब 2 बजे ग्राम पौंडी निवासी लक्ष्मण लोधी की तबीयत अचानक बिगड़ने का भी उल्लेख किया गया है. ग्रामीणों का आरोप है कि लक्ष्मण ने शंकर लोधी के यहां से शराब लेकर पी थी, जिसके बाद उसकी तबीयत खराब हो गई. गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल दमोह रेफर किए जाने की बात ग्रामीणों ने कही है.

ग्रामीणों के मुताबिक, इस मामले को लेकर लक्ष्मण लोधी के भाई निरपाल सिंह लोधी द्वारा पूर्व में बक्सवाहा थाने में शिकायत भी की जा चुकी है. ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें सामूहिक रूप से अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखनी पड़ी. ज्ञापन में ग्रामीणों ने शंकर लोधी और विनोद लोधी पर खुलेआम शराब बेचने का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि कई बार शराब की बिक्री बंद करने के लिए समझाइश दी गई, लेकिन कथित रूप से इसके बावजूद बिक्री जारी है. ज्ञापन में दोनों के पूर्व आपराधिक प्रकरणों का भी उल्लेख किए जाने की बात सामने आई है. ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में कथित अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने तथा मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है.

## परीक्षा की तैयारी के लिए 20 को सेमिनार

**छतरपुर, 17 सितंबर.** जिला प्रशासन की अभिनव पहल 'लोक सेवा गुरुकुल' के अंतर्गत सिविल जज एवं एडीपीओ परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए 20 को नि:शुल्क सेमिनार का आयोजन शाम 4 बजे से 6 बजे तक किया जाएगा.सेमिनार में जिला न्यायालय छतरपुर में पदस्थ न्यायाधीशगण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को परीक्षा की रणनीति, अध्ययन पद्धति और महत्वपूर्ण विषयों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे.सेमिनार में सिविल जज सुशील गहलोत, सिविल जज रूपेश साहू तथा डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार एवं सिविल जज राहुल जैन अभ्यर्थियों से संवाद कर परीक्षा की तैयारी से आवश्यक जानकारी साझा करेंगे. अध्ययन योजना की तैयारी के दौरान ध्यान रखने वाली महत्वपूर्ण बातों के संबंध में मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है.

# विधायक ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता संदेश

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 17 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सेवाकाल पूर्ण होने और जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र में स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान शुरू किया गया है.**



गुरुवार को सिवनी मालवा बस स्टैंड परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें विधायक प्रेमशंकर वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष, एसडीएम सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर श्रमदान किया.

अभियान के दौरान बस स्टैंड परिसर में जमा कचरा और गंदगी हटाई गई. विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है. सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए लोगों को स्वयं आगे आकर भागीदारी करनी होगी.उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 अक्टूबर तक विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. विधायक ने नागरिकों से अपील की कि कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने से बचें. उन्होंने कहा कि प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से सिवनी मालवा को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है. अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए.

### एक नजर में

## 35 साल पुराने मासूम हत्याकांड में फरार दोषी दबोचा

**नर्मदापुरम.** 10 वर्षीय मासूम प्रतीक उर्फ बिट्टू व्यास के अपहरण और हत्या के 35 साल पुराने मामले में फरार चल रहे दोषी संजय दीवान 53 को आखिरकार कोतवाली पुलिस ने दबोच लिया. आजीवन कारावास की सजा मिलने के बावजूद वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था.न्यायालय से स्थाई वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने उसके राजा मोहल्ला स्थित घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया. वर्ष 1991 में 10 वर्षीय प्रतीक उर्फ बिट्टू व्यास का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई थी. मामले में साक्ष्य छिपाने के आरोप भी सामने आए थे. सुनवाई के बाद कोर्ट ने संजय दीवान को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई. सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर अपील 22 जुलाई 2010 को खारिज हो गई. इसके बाद सुप्रीम कोर्ट से भी उसे राहत नहीं मिली. कोतवाली पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने आरोपी के घर की घेराबंदी की और अचानक दबिश दी. पुलिस को देखते ही उसे भागने का मौका नहीं मिला. गिरफ्तारी के बाद मेडिकल जांच कराकर आरोपी को विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए.

## पटवारी प्रतिवेदन की अनिवार्यता से परेशानी

**पिपरिया.** रजिस्ट्रार कार्यालय में जमीनों की रजिस्ट्री से पहले पटवारी प्रतिवेदन की प्रक्रिया लागू होने से आम नागरिकों और सेवा प्रदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. जमीन की स्थिति की जानकारी के लिए पटवारी से प्रमाणन लेने के बाद ही पंजीयन की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, जिससे कई मामलों में अनावश्यक विलंब हो रहा है. अनुविभागीय अधिकारी ने 15 जुलाई को उपपंजीयक को पत्र जारी कर पट्टे की जमीनों की रजिस्ट्री से पहले पटवारी से शासकीय भूमि, अनुदान पट्टा और खसरा-नक्शा संबंधी जानकारी लेने के निर्देश दिए थे. पत्र के बाद उपपंजीयक कार्यालय में सूचना चस्पा कर दी गई है. सेवा प्रदाताओं का कहना है कि पटवारी ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात रहते हैं या अन्य शासकीय कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जिससे आवेदकों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है. उन्होंने एसडीएम से पटवारी प्रतिवेदन की प्रक्रिया समाप्त कर राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर पंजीयन व्यवस्था लागू करने की मांग की है. सेवा प्रदाताओं ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था से दस्तावेजों के पंजीयन में देरी हो रही है और नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं. उनका कहना है कि राजस्व अभिलेखों में ही आवश्यक सुधार कर प्रक्रिया को सरल बनाया जा सकता है. वहीं उपपंजीयक प्रकाश वर्मा ने बताया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों और एसडीएम से चर्चा की गई है. जल्द ही समस्या का समाधान निकाला जाएगा.

## चार खेलों में खिलाड़ियों ने बनाई जगह

**नर्मदापुरम.** स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने खेल प्रतिभा, कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास के दम पर विद्यालय का नाम रोशन किया है. विद्यालय के बास्केटबॉल, बैडमिंटन, कराते और शतरंज के खिलाड़ियों का विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है. बास्केटबॉल में दिव्यांश गौर (अंडर-17) का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिसका आयोजन 16 से 19 सितंबर तक शहडोल में किया जा रहा है. बैडमिंटन में हर्षित इसके (अंडर-19) और श्रीहन फसाते (अंडर-14) चयनित हुए हैं. अंडर-14 प्रतियोगिता सागर में 16 से 20 सितंबर तक, जबकि अंडर-19 प्रतियोगिता 1 से 4 दिसंबर तक नर्मदापुरम में होगी. कराते में हिमांशु राय (अंडर-17) और हर्ष साहू (अंडर-14) ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया है. वहीं शतरंज में आराध्य शर्मा (अंडर-17) का चयन हुआ है. शतरंज प्रतियोगिता 26 से 30 सितंबर तक सीहोर में आयोजित होगी.

## बाड़ी में राधा अष्टमी पर निकलेगी शोभायात्रा

**बाड़ी, 17 सितंबर.** नगर में राधाअष्टमी शनिवार 19 सितंबर को मनाई जाएगी. इस अवसर पर दोपहर 3 बजे बालाजी मंदिर से राधारानी कशोभायात्रा प्रारंभ होगी. शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री राधा वल्लभ मंदिर पहुंचेगी. जहां आरती-पूजन के पश्चात भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा. यादव युवा महासभा के जिला अध्यक्ष मुकुल यादव ने नगरवासियों से शोभायात्रा एवं धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को भव्य बनाने में सहयोग करने की अपील की.

# सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं जनकल्याण के 25 वर्ष पूर्ण होने और उनके जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. शिविर में नागरिकों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया.**




कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं से चर्चा की और उन्हें रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने पंजीयन की स्थिति और शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन भी मौजूद रहे. कलेक्टर ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं पौध भेंट कर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है. जरूरत के समय उपलब्ध कराया गया रक्त मरीज के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है. उन्होंने नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की.

इसके बाद कलेक्टर ने जिला अस्पताल स्थित ब्लड स्टोरेज यूनिट का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि शिविरों से प्राप्त रक्त को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षित रखा जाए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके. सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गहलोत और सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कमले ने रक्त संग्रहण व भंडारण की प्रक्रिया की जानकारी दी.

# आज लगेगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान शिविर

**हरदा, 17 सितंबर . सेवा संकल्प अभियान के तहत 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026' के अंतर्गत 18 सितंबर को हरदा विकासखंड के ग्राम मसनगांव में शिविर आयोजित किया जाएगा. शिविर में जिला प्रशासन, स्थानीय निकाय और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और उनके समाधान का प्रयास करेंगे.**

शिविर में विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं, लोक सेवा गारंटी सेवाओं सहित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी. इसमें रहटाखुर्द, रन्हाईकला, भाटपरेटिया, कुकरावद, कनारदा, धुरगाड़ा, सुखरास, खामापड़वा, कड़ोलाउबारी, पलासनेर, केलनपुर, बीड़, मसनगांव और कांकरिया के ग्रामीण शामिल होंगे. इस दौरान उद्यम संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा.

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ संचालित कर पात्र नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं और समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें.

# रिश्वतखोर ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर को तीन साल की सुनाई सजा

- शौचालय निर्माण की स्वीकृति के लिए की थी घूस
- 5500 रुपए लेते लोकायुक्त ने किया था गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**छतरपुर,17 सितंबर. शौचालय निर्माण की स्वीकृत राशि के एवज में रिश्वत मांगने और लेते पकड़ी गई छतरपुर जनपद पंचायत की तत्कालीन ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर एवं लिपिक नीलम तिवारी को भ्रष्टाचार अधिनियम विशेष न्यायालय छतरपुर ने दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है.**



यह मामला वर्ष 2020 का है और करीब छह वर्ष तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद गुरुवार को न्यायालय ने फैसला सुनाया.

प्रकरण के अनुसार, ग्राम पंचायत देरी निवासी जितेंद्र सिंह ने फरवरी 2020 में सागर लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में आरोप लगाया गया था कि जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ नीलम तिवारी ने शौचालय निर्माण की स्वीकृत राशि के भुगतान के एवज में 6,500 रुपए की रिश्वत की मांग की थी. शिकायत के अनुसार, 1 हजार की राशि पहले ही ली जा चुकी थी, जबकि शेष 5,500 रुपए बाद में देने की बात तय हुई थी.

शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त सागर की टीम ने 18 फरवरी 2020 को कार्रवाई की. टीम ने नीलम तिवारी को शिकायतकर्ता से 5,500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था. कार्रवाई के बाद लोकायुक्त पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर अभियोजन प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया.

डीडीपी प्रवेश आहिरवार के अनुसार मामले की सुनवाई छतरपुर स्थित भ्रष्टाचार अधिनियम विशेष न्यायालय में न्यायाधीश आशीष श्रीवास्तव की अदालत में हुई. अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर न्यायालय ने नीलम तिवारी को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई.

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

- सिविल अस्पताल में 25 यूनिट रक्तदान, शिविर में महिलाओं की जांच

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 17 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार से भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई. इसी क्रम में सिविल अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे.**



रक्तदान कार्यक्रम के दौरान 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया. वहीं स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई. शिविर में सिकल सेल, एनीमिया एवं गर्भवती महिलाओं की जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए. बीएमओ डॉ. आर.एस. पटेल ने बताया कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. शिविर के माध्यम से सिकल सेल एवं एनीमिया की जांच के साथ गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है.

**मंडल अध्यक्ष ने किया रक्तदान-** भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने भी कार्यक्रम में रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान कर सेवा कार्य में सहभागिता की है. रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को मदद मिलती है और इससे अन्य नागरिकों को भी रक्तदान के लिए आगे आने की प्रेरणा मिलेगी. उन्होंने कहा कि रक्तदान पीड़ित मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है.

# गणेश उत्सव में दिया स्वच्छता का संदेश

**छतरपुर, 17 सितंबर. गणेश उत्सव के अवसर पर शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद की आईईसी टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 21 एवं 22 में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया.**

गणेश उत्सव के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने के लिए भी नागरिकों को प्रेरित किया गया.

नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया एवं सीएमओ माधुरी शर्मा के निर्देश तथा स्वच्छता नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया के मार्गदर्शन में आयोजित अभियान के दौरान नागरिकों और दुकानदारों को कचरा पृथक्करण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई. वार्ड क्रमांक 22 में पुराना पन्ना नाका, कश्यप ब्यूटी जॉन, मंडे मार्केट, सक्सेस कोचिंग क्लासेस एवं ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी के आसपास लोगों को चार-बिन कचरा पृथक्करण की जानकारी दी गई. वहीं वार्ड क्रमांक 21 में सटई रोड स्थित श्रद्धा ज्वेलर्स के सामने भी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं. आईईसी टीम ने नागरिकों को गीला, सूखा, घरेलू हानिकारक एवं अन्य कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने तथा कचरा संग्रहण वाहन में भी पृथक रूप से देने की समझाइश दी. टीम ने बताया कि घर और दुकानों से निकलने वाले कचरे को शुरुआत से ही अलग रखने से कचरे के उचित निपटान में मदद मिलती है .

## दो करोड से अधिक् का मुआवजा स्वीकृत

**छतरपुर.** केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए जिला प्रशासन ने मुआवजा राशि स्वीकृत की है. कलेक्टर मृणाल मीना ने पूर्व पारित अवार्ड के तहत जिले के 123 हितग्राहियों के लिए कुल 2 करोड़ 91 लाख 89 हजार 108 रुपये की मुआवजा राशि स्वीकृत की है. स्वीकृत मुआवजा राशि परियोजना से प्रभावित विभिन्न गांवों के परिवारों को नियमानुसार प्रदान की जाएगी.इसके की डुगरिया के 6, सुकवाहा के 76 तथा कदवारा के 10 हितग्राही शामिल हैं.

**अभियान** — नर्मदा संरक्षण और पौधरोपण का लोगों ने लिया संकल्प

# मारा गांव से नमो नर्मदा सेवा पथ अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**माखन नगर, 17 सितंबर . ग्राम मारा गांव में गुरुवार को अवधूत संत श्री दादा गुरु के सानिध्य में नमो नर्मदा सेवा पथ अभियान का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा एवं नर्मदा भक्तों द्वारा किया गया.**




दादा गुरु ने उपस्थित जनसमुदाय को मां नर्मदा की महिमा बताते हुए नर्मदा जल के महत्व और संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक है.कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक विजयपाल सिंह, जन अभियान परिषद के श्री तिवारी और पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए. इस दौरान मां नर्मदा को स्वच्छ रखने और नर्मदा पथ पर अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया गया. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामे, जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव, भाजपा नेता बबली पाराशर, निखिलेश चतुर्वेदी, ग्राम पंचायत मारा गांव के सरपंच हेमराज मीणा सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे.

# पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म की आराधना

- भक्ति में डूबा सकल दिगंबर जैन समाज

नवभारत न्यूज

**बम्हौरी, 17 सितंबर. सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा पर्यूषण पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है. पर्व के दूसरे दिन गुरुवार को उत्तम मार्दव धर्म की आराधना की गई. सुबह से ही जैन मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी. समाज के धर्मप्रेमियों ने धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया.**



जैन समाज के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि पर्व के तहत भगवान शांतिनाथ का विधि-विधान से अभिषेक एवं शांतिधारा की गई. इसके बाद भगवान की आरती और संगीतमय पूजा का आयोजन हुआ. पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा . श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की.शाम के समय आरती एवं भजन का आयोजन किया गया.

सांगानेर, राजस्थान से पधारे भैया जी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा उत्तम मार्दव धर्म को समझाया. उन्होंने श्रद्धालुओं को जीवन में विनम्रता, अहंकार का त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया.प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे. धार्मिक आयोजनों के चलते दिनभर जैन समाज में उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहा. पर्यूषण पर्व के आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सकल दिगंबर जैन समाज के श्रद्धालु सहभागिता करेंगे.